ont>

14.06 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER**:** Now, we shall take up Matters under Rule 377.

Title: Need to ensure better water drainage system at Holdgaon in Navasari district while four-laning of National Highway between Surat and Mumbai.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : उपाध्यक्ष महोदय, सूरत से मुम्बई के बीच राट्रीय राजमार्ग को चार लेन का किया जा रहा है जिसमें जो चार लेन की सड़क बन रही है, वह पहले से ऊंची होगी। यह राजमार्ग नवसारी जिले के होल्ड गांव से होकर जाता है और इसके आस-पास के गांव सड़क से नीचे है और अकसर बरसात में बरसात का पानी इन सड़कों के ऊपर होने के कारण होल्ड गांव एवं इसके पास के गांव मलवाड, चिमला, तलाब चोरा एवं चिखली के घरों में पानी कई फुट पहुंच जाता है और आस-पास के गांव के खेतों में पानी पहुंचने से फसलों को भी नुकसान होता है। कई सालों से सूरत जिले के आस-पास बाढ़ आ रही है और जान-माल को नुकसान भी पहुंच रहा है। अगर बरसात के पानी को निकालने की व्यवस्था इस राजमार्ग के बनाते समय योजनाबद्ध ढंग से की जाए तो बरसात के पानी को घरों में जाने से रोका जा सकता है और फसलों को बचाया जा सकता है।

सदन के माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध है कि इस राट्रीय राजमार्ग को चार लेन बनाते समय पानी की निकासी की व्यवस्था अच्छे ढंग से की जाए।